प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 20.04.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महाराष्ट्र के नांदेड़ में चुनवी सभा को किया संबोधित, कहा–लोकतंत्र के लिए पक्ष और विपक्ष दोनों का महत्व।

2- लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा के प्रत्याशियों का नामांकन बाईस अप्रैल से होगा शुरू, खूंटी लोकसभा क्षेत्र से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा 23 अप्रैल को करेंगे नामांकन दाखिल।

3- पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर पहुंचे रांची, ओरमांझी में महिला खिलाड़ियों से मिलकर बढ़ायेंगे उत्साह।

4- रांची के मरांग गोमके एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में हॉकी लीग आज दोपहर दो बजे से शुरू, पुरूष वर्ग में बापू क्लब और रेलवे हॉकी टीम होंगे आमने सामने।

*******************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नांदेड़ में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित किया, जिसमें पहले चरण के मतदान पर संतोष व्यक्त किया और वोटरों से और अधिक मतदान करने का आग्रह किया। श्री मोदी ने लोकतंत्र के लिए अथक प्रयास करने के लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने एनडीए सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला, जिसमें लाखों महिलाओं को शौचालय प्रदान करना, गरीबों के लिए बैंक खातों की सुविधा प्रदान करना और डिजिटल इंडिया और यूपीआई तकनीक की शुरुआत करना शामिल है।

*******************

रांची लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत ईचागढ़ में कल हुए विधानसभा स्तरीय कोर कमेटी सह प्रबंधन समिति की बैठक चांडिल में आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश से आए पार्टी पदाधिकारी का जुटान हुआ, इस मौके पर रांची सीट से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के जीत सुनिश्चित करने को लेकर पार्टी पदाधिकारी को निर्देश दिए गए। बैठक में ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र से डेढ़ लाख मतों से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के समर्थन में जुटाने को लेकर विशेष रणनीति तैयार की गई।

*******************

रांची लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत ईचागढ़ में कल हुए विधानसभा स्तरीय कोर कमेटी सह प्रबंधन समिति की बैठक चांडिल में आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश से आए पार्टी पदाधिकारी का जुटान हुआ, इस मौके पर रांची सीट से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ की जीत सुनिश्चित करने को लेकर पार्टी पदाधिकारी को निर्देश दिए गए। बैठक में ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र से डेढ़ लाख मतों से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के समर्थन में जुटाने को लेकर विशेष रणनीति तैयार की गई।

*******************

खूंटी लोकसभा क्षेत्र में कल दो अभ्यर्थियों द्वारा चार सेटों में नाम निर्देशन की खरीद की गयी वहीं एक निर्दलीय प्रत्याशी पास्टर संजय कुमार तिर्की द्वारा नामांकन दर्ज किया गया है।

*******************

स्वीप कार्यक्रम के तहत खूंटी जिला अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम की थीम से अवगत कराते हुए सभी को मताधिकार का प्रयोग करने को लेकर जागरूक किया गया। इसके अलावा जिले के शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य कैंप लगाकर जागरूकता अभियान के दौरान ग्रामीण मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

*******************

आसन्न लोक सभा चुनाव को स्वतंत्र, स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के निमित प्रशिक्षण कोषांग, खूंटी द्वारा बिरसा कॉलेज, खूंटी परिसर में पुलिस पदाधिकारियों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें डीएसपी,

पुलिस इंस्पेक्टर, पीएसआई, एएसआई एवं सीआरपीएफ के अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान मतदान से पूर्व, मतदान के दिन और मतदान के बाद कार्य संपादन एवं दायित्वों की जानकारी दी गई।

*******************

लोकसभा चुनाव को लेकर नक्सलियों के खिलाफ चल रहे ऑपरेशन में आज अहले सुबह गिरिडीह सीआरपीएफ के 154वीं बटालियन और खुखरा और मधुबन थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर खुखरा थाना इलाके के चतरो के घने जंगल में बने एक बंकर से छापेमारी कर एक बंडल कोडक वायर जब्त किया।

*******************

कोल्हान के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एमजीएम के कबाड़ में पड़े  लाखो रुपये के एम्बुलेंस को चंद रुपये खर्च कर ठीक कराया जा सकता है, लेकिन अधिकारियों ने खटारा मानकर पार्किंग में खड़ा करा दिया है।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

*******************

पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर आज सुबह रांची एयरपोर्ट पहुंचे, जहां उनका बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत हुआ। उनके साथ उनकी पत्नी अंजली भी हैं। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मैं यहां अपने फाउंडेशन के लिए आया हूं। उन्होंन कहा कि सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन यहां के यूथ फाउंडेशन के साथ मिलकर काम करता है। खासकर मैं यहां की महिला खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने आया हूं। युवा फाउंडेशन का कार्यक्रम ओरमांझी में है, जहां बालिकाओं को फुटबॉल सिखाया जाता है। सचिन उनसे मुलाकात करेंगे।

*******************

मैट्रिक की परीक्षा में हजारीबाग के इंदिरा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्रा ज्योत्सना ज्योति ने 500 में से 496 अंक लाकर पूरे प्रदेश की टॉपर बनी है। उसकी इस सफलता से गांव के लोग फूले नहीं समा रहे हैं। बधाइयां देने के लिए लोगों का तांता लगा हुआ है। चतरा जिले के गिद्धौर प्रखंड के पांडेयबागी गांव निवासी शिक्षक राजेंद्र कुमार दास की पुत्री ज्योत्सना ज्योति मैट्रिक की परीक्षा में झारखंड टॉपर बनी है। श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने छात्रा और उनके परिजनों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि छोटे से गांव की छात्रा ने अथक परिश्रम से यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

*******************

झारखंड अधिविद्य सरायकेला–खरसावां जिला समाहरणालय के सभागार में उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त मास्टर ट्रेनर्स के साथ बैठक किया। बैठक के दौरान डीसी ने प्रखंडवार

प्रशिक्षण की समीक्षा करते हुए विभिन्न मतदान केंद्र से सम्बन्धित समस्याओं को सूचीबद्ध करते हुए सम्बन्धित सहायक निर्वाचक निबंधक पदाधिकारी को निष्पादित करने के निर्देश दिए।

********************

देवघर जिले में बाबा बैद्यनाथ जलसार पार्क का जिर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण करते हुए आमजनों हेतु एक बार फिर से खोल दिया गया है। साथ ही आमजनों के साथ बच्चों, बुजूर्गों व आने वाले पर्यटकों हेतु विभिन्न सुविधाओं के साथ मुख्य रूप से नेचर सेंटर, सन सेट व्यू, टिकट घर, विभिन्न तरह के आधुनिक झूले, बैठने की व्यवस्था, बच्चों के खेलने की सुविधा, शौचालय, कैंटीन, दुकान आदि की व्यवस्था पार्क में सुनिश्चित की गयी है।

********************

दुमका जिले में इस साल धान की अच्छी खेती हुई, मगर धान की अधिप्राप्ति की स्थिति बेहद खराब है। जिले में आपूर्ति विभाग धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य हासिल करने में काफी पीछे है। जिले में अब तक केवल 2 दशमलव 7 प्रतिशत धान अधिप्राप्ति हुई है। संताल परगना में सबसे अधिक धान की खेती दुमका जिले में होती है, जबकि सबसे कम धान अधिप्राप्ति इसी जिले में हुई है। जिले में धान बेचने के लिए 4 हजार चौवालिस किसानों ने पंजीकरण कराया। इनमें से केवल 1 सौ 40 किसान ही धान बेचने के लिए पहुंचे। दुमका में धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य तीन लाख क्विंटन था, जिसके विरुद्ध केवल 8 हजार 116 क्विंटल धान खरीदी गयी है।

********************

मौसम विभाग ने ओडिशा, गांगेय पश्चिम बंगाल में सोमवार तक छिटपुट स्थांनों पर सोमवार तक तेज लू चलने का अनुमान व्यक्ती किया है। गर्म हवाओं की स्थिति झारखंड में अगले दो–तीन दिन तक बनी रहेगी।

********************

रांची के मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में आज दोपहर दो बजे से शुरू हो रहे हॉकी लीग में पुरूष टीम से बापू क्लब और रेलवे हॉकी टीम आमने–सामने होगी वहीं शाम चार बजे से महिला वर्ग के मुकाबले में सुपर वीमेंस क्लब का सामना साई रांची से होगा। हॉकी लीग को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। मैच को लेकर हॉकी रांची ने कार्यक्रमों की सूची जारी कर दी है। लीग का पहला चरण 26 अप्रैल तक चलेगा। इसके बाद 30 अप्रैल से पहली राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग रांची में होगी, जो 10 मई तक चलेगी। इस टूनार्मेंट के बाद हॉकी रांची लीग का दूसरा चरण शुरू होगा।

********************

<u>और अब संक्षिप्त खबरें</u>

- अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो अशोक कुमार द्वारा बीती रात नावाडीह के धतकीबेड़ा गांव में छापेमारी की गई। इस दौरान भारी मात्रा में अवैध रूप से भंडारीत कोयला को जब्त किया गया।
- गिरिडीह डीसी सह जिला निर्वाचन अधिकारी नमन प्रेयस लकड़ा ने मतदान कर्मियो के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में कहा कि चुनावकर्मी पूरी निष्ठा के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि कोडरमा संसदीय क्षेत्र में मतदान करने वाले 23 अप्रैल तक योग्य मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते है।
- खूंटी लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सिमडेगा जिले में स्वीप की ओर से कार्यक्रम आयोजित कर दिव्यांगों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में उपस्थित दिव्यांगों ने एक स्वर से 13 मई को निश्चित रूप से मतदान करने का संकल्प लिया।

**********समाप्त***********